राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)

एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर भोपाल–462033

दूरभाष क्रमांकः 0755–2678855

क्रमांक / रागांप्रौवि / परीक्षा / 2023 / **272** भोपाल, दिनांक : **25 / 01 / 2023**

प्रति,

प्राचार्य / संचालक,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
मध्य प्रदेश

विषय : शैक्षणिक सत्र 2022–2023 में विभिन्न तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों कें ऑन–लाईन नामांकन फार्म की हार्ड कापी जमा करने के संबंध में ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2022–2023 में आपकी संस्था में बी.टेक / बी.फार्मेसी / एम.बी.ए. / एम.बी.ए.(इंटीग्रेटेड) / बी.ई. / बी.टेक. (पार्ट टाईम) एम.सी.ए. / एम.सी.ए. (इंटीग्रेटेड) / बी.आर्क. / एम.ई. / एम.टेक. / एम.फार्मा / फार्म डी / एम.आर्क. / एम.टेक. (पार्ट टाईम) प्रथम वर्ष प्रथम सेमेस्टर में प्रवेशित छात्रों के लिये ऑनलाईन नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है तथा उक्त प्रक्रिया पूर्ण करने की **अंतिम तिथि 06 / 02 / 2023 है।** द्वितीय वर्ष / तृतीय सेमेस्टर में प्रवेशित छात्र / छात्राओं के ऑन–लाईन नामांकन फार्म जमा करने की कार्यवाही हेतु महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि लेटरल एन्ट्री में प्रवेशित छात्रों के नामांकन की कार्यवाही **दिनांक 06 / 02 / 2023** तक आवश्यक रूप से पूर्ण कर लेवें। लेटरल एन्ट्री के ऐसे बी.टेक. पाठ्यक्रम के छात्र आगामी सत्र से BA Group में पठन–पाठन करेंगे एवं बी.फार्मा पाठ्यक्रम के लेटरल एन्ट्री के छात्र यदि नामांकन फॉर्म नहीं भरते हैं तो उनका प्रवेश स्वतः ही निरस्त हो जावेगा।नामांकन शुल्क राशि रू. 150 / –(मध्यप्रदेश निवासी छात्र) एवं नामांकन शुल्क राशि रू. 650 / – (मध्यप्रदेश के वाहर के निवासी छात्र) जमा करने के लिये विश्वविद्यालय के पोर्टल पर ऑनलाईन सुविधा उपलब्ध है,ऑनलाईन प्रकिया के उपरांत वि.वि.में हार्डकापी जमा हेतु निम्ननुसार कार्यवाही करे :–

1. नामांकन फार्म के प्रिंट आउट जिस पर संस्था के प्राचार्य / संचालक के स्याही पेन के हस्ताक्षर एवं सील अंकित की गई हो।
2. छात्र / छात्राओं की दसवी एवं बारहवी परीक्षा उत्तीर्ण की सत्यापित अंकसूची की छायाप्रति ।
3. काउंसलिग प्रवेश रसीद / सी.एल.सी. प्रवेश की सत्यापित छायाप्रति ।
4. ऑनलाईन नामांकन शुल्क की रसीद ।
5. **माइग्रेशन प्रमाण–पत्र की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। माईग्रेशन के बिना नामांकन फार्म जमा नही होगें । सत्र 2022–23 में प्रवेशित समस्त छात्रों के ओरिजनल माईग्रेशन प्रमाण पत्र एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति पृथक से ब्रान्च अनुसार जमा करना सुनिश्चित करें ।**

छात्रों के नामांकन फार्म संकायवार पृथक–पृथक बंडल के उपर पूर्ण विवरण सहित सूची संलग्न करें। लेटरल एन्ट्री से प्रवेशित छात्रों के फार्म एवं सूची भी ब्रान्चवार पृथक होना चाहिये ।

..../ /2/ /

स्थानातंरण प्रमाण–पत्र की मूल प्रति संस्था में संधारित करें केवल प्रमाणित छायाप्रति ही संलग्न करें । उक्त सभी संलग्नक प्राचार्य/सचांलक द्वारा सत्यापित होना अनिवार्य है । नामांकन फार्म की हार्ड–कापी में संलग्न प्रोफार्मा में सभी संलग्नको के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा शाखा में जमा करने की **अंतिम तिथि 10/02/2023 है** । इसके साथ ही आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि द्वितीय वर्ष के लेटरल एन्ट्री के बी.टेक. में प्रवेशित शेष छात्रों के नामांकन पत्र भी समस्त औपचारितकताओं के साथ दिनांक 10/**02/2023** तक जमा करे जिससे वो छात्र आगामी BA Sem. वी परीक्षा में सम्मिलित हो सके ।

पत्र को प्राथमिकता देते हुए समस्त नामांकन कार्यवाही को उक्त तिथि के पूर्व पूर्ण करना सुनिश्चित करें । इसके पश्चात् कार्यपरिषद की 113 वी बैठक दिनांक 27–09–2022 में लिये गये निर्णय अनुसार विश्वविद्यालय के पत्र क्र. 2285 दिनांक 11/10/2022 के अनुसार केन्द्र व्यय से 10 प्रतिशत की राशि की कटौत्री की जा सकती है।

परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल

पृ0क्रमांक/रागांप्रौवि/परीक्षा/2023/273 भोपाल दिनांक : 25/01/2023

प्रतिलिपि :–

01. माननीय कुलपति महोदय के निज सचिव की ओर माननीय के अवलोकनार्थ।
02. कुलसचिव, आर.जी.पी.वी. भोपाल की ओर सूचनार्थ।
03. अधीक्षक (परीक्षा), आर.जी.पी.वी., भोपाल की ओर सूचनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
भोपाल